# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)
**मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ**
वेबसाइट: hajcommittee.up.gov.in ;
ई–मेल : hajcommittee.up@gmail.com, shcuplko@rediffmail.com

पत्रांक : जी–II/1173/एस0एच0सी/2025 दिनांक : 31.07.2025

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई ने सकुर्लर–6 के माध्यम से अवगत कराया है कि हज–2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई, 2025 से बढ़ाकर 07 अगस्त, 2025 कर दी गयी है।

हज–2026 हेतु इच्छुक हज आवेदक वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर ऑनलाइन हज आवेदन शीघ्र कर लें। जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है व ऑनलाइन आवेदन किन्हीं कारणों से पूर्ण नहीं किया है वह भी आवेदन को निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लें, अन्यथा वह हज–2026 में आवेदन से वंचित रह जाएंगे। जिनका भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 31 दिसम्बर, 2026 तक वैद्य नहीं है वह नया पासपोर्ट बनवा लें।

यह भी अवगत कराया गया है कि हज यात्रियों के चयन हेतु कुर्रा (आनलाइन लाटरी) अन्तिम तिथि के तत्काल बाद किया जायेगा। सभी चयनित हज यात्रियों को अग्रिम धनराशि रुप 1,52,300/– दिनांक 20 अगस्त, 2025 तक हज कमेटी आफ इण्डिया के खाते में जमा करनी होगी।

इच्छुक हज आवेदकों की सुविधा हेतु हज कमेटी आफ इण्डिया ने 65 वर्ष से अधिक के हज यात्रियों को हज गाइडलाइंस 2026 में दिये गये नियम जिसमें सहयोगी की आयु 60 वर्ष के भीतर होना आवश्यक था, में शिथिलता दी गयी है व ऐसे हज आवेदक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है व उनकी पत्नी व भाई–बहन यदि 65 वर्ष के भीतर हैं तो वह रिज़र्व श्रेणी में उनके सहयोगी के रुप में आवेदन कर सकते हैं।

/
(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष/सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
6. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
7. समस्त ई–सुविधा केन्द्र, समस्त जनपद, उ0प्र0।
8. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।
9. समस्त प्रशिक्षक, उ0प्र0/हज सुविधा केन्द्र, उ0प्र।

Digitally signed by
Sheo Prakash Tiwari
Date: 31-07-2025
18:02:34

(एस0पी0 तिवारी)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी